विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

राजस्थान विधानसभा में किए गए नवाचारों की दी जानकारी



स्पीकर देवनानी की प्रधानमंत्री मोदी से इस शिष्टाचार मुलाकात की।

अजमेर, (कासं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शुक्रवार को दिल्ली यात्रा पर रहे। देवनानी ने दिल्ली में संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। देवनानी ने मोदी का उनके नेतृत्व में तीसरी बार बनी केंद्र सरकार के यशस्वी और स्वर्णिम कार्यकाल हेतु आत्मीय अभिनंदन किया। देवनानी ने भारत की जनता द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर किए गए भरोसे को ऐतिहासिक बताया।

देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी को पुष्प गुच्छ, भगवान झूलेलाल की तस्वीर, विभाजन विभिषिका पुस्तक की प्रति और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 से आरंभ राजस्थान विधानसभा डायरी भेंट की।

स्पीकर देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर वर्ष 2021 से 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस मनाए जाने की शुरुआत करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

- **देवनानी ने प्रधानमंत्री का उनके तीसरे स्वर्णिम कार्यकाल के लिए किया अभिनंदन**
- **देवनानी ने प्रधानमंत्री से सिंधी समाज के गौरवशाली इतिहास के बारे में भी चर्चा की**

देवनानी ने प्रधानमंत्री को बताया कि उनके परिवार ने भी विभाजन का दंश झेला था। देवनानी ने प्रधानमंत्री से सिंधी समाज के गौरवशाली इतिहास के बारे में भी चर्चा की।

देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी को 16वीं राजस्थान विधानसभा में किए गए नवाचारों की जानकारी दी। स्पीकर देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी को विधानसभा में किए गए नवाचारों का फोल्डर भी भेंट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय नव वर्ष से प्रारंभ की गई राजस्थान विधानसभा की डायरी को देखा। प्रधानमंत्री ने देवनानी को इस प्रकाशन के लिए बधाई देते हुए कहा कि डायरी में प्रत्येक महीने के आरंभ में प्रकाशित महापुरुषों के चित्र गौरवान्वित करते हैं। प्रधानमंत्री ने विधानसभा की डायरी के प्रत्येक महीने के प्रथम पृष्ठ को देखा। प्रधानमंत्री ने विधानसभा में किए गए नवाचारो की सराहना की। देवनानी ने प्रधानमंत्री को बताया कि राजस्थान विधानसभा को गुजरात विधानसभा की तर्ज पर पेपरलेस बनाए जाने के लिए नेवा परियोजना का कार्य आरंभ कर दिया गया है। स्पीकर देवनानी की प्रधानमंत्री मोदी से इस शिष्टाचार मुलाकात में राजस्थान से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

विश्व आदिवासी दिवस बाल सदन में बनाया

अजमेर, (कासं)। राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच नई दिल्ली के तत्वावधान में अजमेर में शुक्रवार को बाल सदन में आवासरत अनाथ बालक बालिकाओं के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाया।

राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट प्रकाशचंद मीणा व प्रदेश उपाध्यक्ष सागर मीणा द्वारा बच्चों प्रतिज्ञा दिलाई हम सब मिलकर विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर यह प्रतिज्ञा लेते है कि प्रकृति की धरोहर, जल, जंगल और जमीन की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करेंगे जिस प्रकार से आदिवासी करते आये हैं। इसके पश्चात मंच की ओर सभी बालक-बालिकाओं को फल वितरण किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय आदिवासी के प्रदेशाध्यक्ष प्रकाश मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष सागर मीणा, प्रदेश सचिव बत्तीलाल मीणा, धर्मेन्द्र भील, हरकेश मीणा, धर्मराज सावरिया, दयानन्द बाल सदन के प्रबन्धक राजेन्द्र आर्य व समस्त स्टाफ, विशाल मीणा, लोकेश मीणा, राष्ट्रीय आदिवासी मंच की महिला मोर्चा पदाधिकारी रजनी मीणा, सोमवती डामोर, सोनू मीणा, आदिवासी मंच के जिला पदाधिकारी भगतसिह, नरेश मीणा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

सार-समाचार

रावत ने सरोवर का जायजा लिया



पुष्कर, (निसं)। जल संसाधन मंत्री सुरेशसिंह रावत ने आज पुष्कर में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करने के बाद सावित्री माता की तलहटी में वृक्षारोपण कर हरियालो राजस्थान का संदेश दिया। मंत्री रावत ने बताया कि, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हरित राजस्थान के अभियान के तहत 2 करोड़ पौधे लगाकर राजस्थान ने कीर्तिमान बनाया है। वृक्षारोपण से बारिश ज्यादा होती है, भूमि का कटाव रुकता है। वृक्षारोपण से भारत माता की वंदना कर सकते है। वातावरण और प्रकृति का संरक्षण कर सकते है, इसलिये सभी को कम से कम 'एक पेड़ मां के नाम' लगाकर युगपुरुष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को देश में हरित क्रांति के रूप में परिवर्तित करने में भागीदारी निभानी चाहिए। वृक्षारोपण के बाद मंत्री रावत ने सरोवर के जयपुर घाट पर आचमन कर घाटो का पानी की आवक के बाद जायजा लिया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष कमल पाठक उपाध्यक्ष शिव स्वरूप महर्षि, भाजपा महामंत्री अरुण वैष्णव, पार्षद मुकेश कुमावत, धीरज जादम, जिला परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, प्रधान जनप्रतिनिधि अर्जुन सिंह रावत, बूढ़ा पुष्कर मंडल अध्यक्ष गोवर्धन सिंह रावत, नरेंद्र चुंडावत, मोहन सिंह रावत, हरिशंकर चौहान, अशोक पाराशर, घनश्याम भाटी, मदन गुर्जर, जसवंत सिंह रावत, कमल रावत सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

तालाब में किशोर की डूबने से मौत

मसूदा, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के पाखरियावास ग्राम पंचायत के बाड़िया मे शुक्रवार को तालाब में डूबने से किशोर की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पाखरियावास ग्राम पंचायत के पास स्थित बाड़िया के कुछ दोस्त तालाब में नहाने गए थे। इस दौरान 15 वर्षीय बालक बबलू भी तालाब में नहाने के लिए उतरा अचानक उसके गहरे पानी में चले जाने से वह तालाब में डूब गया। जिससे उसके दोस्तों में हड़कम्प मच गया। एवं घटना की ग्रामीणों एवं परिजनों को दी। तालाब के पूरे भरे होने से ग्रामीणों ने सदर पुलिस को सूचना दी। जिस परसिविल डिफेंस डीक्यूआरटी टीम ब्यावर कलेक्ट्रेट से रवाना हुई एवं ग्राम पंचायत पाखरियावास में तालाब पर पहुंची जहां किशोर के तालाब के बीच बने हुए कुएं में 15 साल के बबलू पुत्र शैतान के गिरने की जानकारी देने पर शव को बाहर निकाला गया और पुलिस और परिवार को सुपुत्र किया गया। डी क्यूँ आर टी टीम ब्यावर ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद किशोर का शव कुएं से बाहर निकाला। शव को सदर पुलिस ने ब्यावर अमृत कौर चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक के किशोर को मृत घोषित करने पर शव को मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने मामला दर्ज किया। सिविल डिफेंस टीम में हाकम बक्श, तैराक महा सिंह ,बशीर काठात ,छोटू माली व अंतिमा भाटी,ताराचंद योगेश्वरी, याकुब बक्श, गौरव वैष्णव, उमेश कुमार सुमरवाल मौजूद रहे।

स्टेशन पर लिफ्ट लगाने का कार्य शुरू

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुविधा के लिये चार एस्केलेटर व दो लिफ्ट लगाने का कार्य शुरू हुआ। करीब छ माह में यात्रियों को आवागमन में बड़ी राहत मिल सकेगी। भाजपा नेता महेंद्र पाटनी ने बताया के रेलवे के सीनियर डी ई एन महेश चंद मीणा द्वारा अक्षय इंफ्रा प्रोजेक्ट्स कंपनी को दोनों प्लेटफार्म पर आने जाने के लिये 4 एस्केलेटर सहित 2 लिफ्ट लगाने हेतु जारी करीब सवा दो करोड रुपये के इस कार्य को छः माह में पूरा करने के निर्देश दिये है। ठेकेदार कंपनी ने खुदाई के साथ फुट ऑवर ब्रिज के पास वाले जल सुविधा केंद्र, विद्युत पोल के अलावा रेल्वे उपकरण तथा प्लेटफार्म के टिन शेड हटाये जाने की कार्रवाई की। पाटनी के अनुसार रेलवे स्टेशन परिसर में एक लंबे भूमिगत मार्ग तथा 75 सीढ़ियों वाली डबल स्टेट हाईटेक फुट ओवर ब्रिज से रेल यात्रियों को एक दूसरे प्लेटफार्म पर आने-जाने के लिये भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आगामी छः माह में दो लिफ्ट व चार एस्केलेटर लगने से बड़ी सौगात मिल सकेगी।

वाहन रैली निकाली

आसींद, (निसं)। विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष में राणा पूंजा सर्कल आमली खेड़ा की झोपड़ियां, वार्ड नंबर एक आसींद से भील समाज के युवाओं द्वारा विशाल मोटरसाइकिल वाहन रैली निकाली गई। रैली में पार्षद कैलाश चंद्र भील, पूर्व पार्षद श्रवण लाल भील, सामाजिक युवा कार्यकर्ता बीपी राणा, रमेश लाल भील, गोपाल लाल भील, लादू लाल भील, प्रहलाद भील, संपत लाल भील आदि सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में विशाल मोटरसाइकिल वाहन रैली राणा पूंजा सर्कल आमली खेड़ा की झोपड़ियां से वीर एकलव्य सर्कल भीलों की झोपड़ियां, विद्युत ग्रिड रोड़, महाराणा प्रताप सर्कल पंचायत समिति से सदर बाजार, बड़ा मंदिर चौराहा, गांधी बाजार, गांधी चौक होते हुए आसींद बस स्टैंड पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सर्कल पर एकत्रित होकर पहुंची। जहां से विशाल मोटरसाइकिल वाहन रैली भीलवाड़ा जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुई।

भाजपा शहर मण्डल की बैठक आज

सरवाड़, (निसं)। भाजपा शहर मण्डल की बैठक भीमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शाम 4 बजे आयोजित होगी वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल खटीक ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा शहर मंडल की बैठक का आयोजन किया जाएगा इस बैठक में केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम व देहात जिला अध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा व जिला पदाधिकारी भाग लेंगे इस मौके पर भीमेश्वर मंदिर में प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे सहस्त्रधारा का आयोजन भी किया जाएगा।

श्रीमद् भागवत कथा का सातवां दिन

पुष्कर, (निसं)। मेला मैदान के सामने अंबेडकर भवन में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन मंत्री सुरेश रावत, पालिकाध्यक्ष कमल पाठक, उपाध्यक्ष शिवस्वरूप महर्षि, सहित जनप्रतिनिधियों ने कथा स्थल पहुंचकर कथा वाचक महंत संतराम दास महाराज का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कथावाचक ने दुपट्टा ओढ़ाकर सभी का सम्मान किया।

नेशनल फ्यूचर पार्टी ने निगम की कार्रवाई पर जताई नाराजगी

अजमेर, (कासं)। नेशनल फ्यूचर पार्टी अध्यक्ष बजरंगलाल साहू की अध्यक्षता में शुक्रवार को पुरानी मंडी स्थित कार्यालय बैठक आयोजित हुई। बैठक में फव्वारा सर्किल स्थित केबिन संचालकों के साथ नगर निगम प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही पर नाराजगी जताते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

नेशनल फ्यूचर पार्टी के अध्यक्ष बजरंगलाल साहू ने बताया कि गुरुवार को नगर निगम प्रशासन ने बिना नोटिस दिए अचानक फव्वारा सर्किल पर संचालित केबिन संचालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए सामान जब्त कर लिया एवं केबिन हटाने की कोशिश की। जबकि न तो पहले कोई नोटिस दिया गया न ही अन्य कोई सूचना दी गई। नेशनल फ्यूचर पार्टी निगम की इस कार्रवाई का पुरजोर विरोध करती है। एक तरफ तो सरकार वेंडिग जोन बनाकर ठेला संचालकों को रोजगार देने का प्रयास कर रही है, जबकि दूसरी ओर जमे जमाए केबिन संचालकों के व्यापार को तहस-नहस कर उन्हें सडक़ पर लाने का कार्य कर रही है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा।

साहू ने कहा कि इन केबिनों से सामने लगभग 120 फीट का रोड है, साथ ही यहां किसी प्रकार का न तो ट्रेफिक जाम होता है न ही किसी प्रकार का पानी रुकता है। यहां केबिनों के होने से आसपास मन्दिरों में आने वाले लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। उक्त तीनों केबिन संचालकों करीब 50 वर्ष से लगभग व्यापार कर रहे हैं।

25वीं विशाल कावड़ यात्रा आज

अजमेर, (कासं)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन मास के पवित्र मौके पर श्री कार्य सिद्ध बालाजी मंदिर राजमोहन गंगेश्वर आश्रम रामगंज की 25वीं विशाल कावड़ शनिवार को पुष्कर के लिए प्रस्थान करेगी। रविवार को मंदिर परिसर में सहस्त्रधारा का आयोजन होगा। महंत सचिव सागर मीणा में बताया 25वीं कावड़ यात्रा शनिवार 10 अगस्त को सायं 6:15 बजे पुष्कर के लिए प्रस्थान करेगी एवं 11 अगस्त रविवार को प्रातः 5:15 बजे पुष्कर गऊघाट से कार्य सिद्ध बालाजी मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी। मीणा ने बताया कि श्री कार्य सिद्ध बालाजी मंदिर हर वर्ष कावड़ यात्रा का आयोजन करता है जिसके चलते इस वर्ष भी 10 अगस्त शनिवार को कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कावड़ यात्रा के लिए शिवभक्तों में उत्साह है।

पुतला जलाकर प्रदर्शन किया

अजमेर, (कासं)। धानका समाज अजमेर ने आज विधायक रूपेन्द्र सिंह कुन्नर का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया और विधायक कुन्नर को धानका समाज से माफ़ी माँगने की माँग की।

पार्षद सुनील धानका ने बताया कि 19 जुलाई 2024 को विधायक रूपेन्द्र सिंह कुन्नर ने विधानसभा में धानका, धानक, धानूक, धानकिया को एक ही समाज बताया कहाँ की विसंगति से एक जाति धानका समाज अनुसूचित जनजाति और बाक़ी सब अनुसूचित जाति में दर्ज हो गई। जबकि भारत सरकार द्वारा राजस्थान के लिए जारी ग़ज़ट नोटिफिकेशन अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति आदेश संशोधन 1976 एव हिन्दी संस्करण 1979 के अनुसार धानका जाति को अनुसूचित जनजाति में क्रम संख्या 4 पर तथा धानक, धानुक, धानकिया को अनुसूचित जाति में क्रम संख्या 20,21 पर आधिसूचित किया है। इससे स्पष्ट है धानका जाति इन जातियो से अलग है, विधायक द्वारा विधानसभा में असंवैधानिक प्रश्न रखकर धानका समाज और सविधान के अनुच्छेद 341 वे 342 का अपमान किया गया है इसलिए विधायक रूपेन्द्र सिंह को धानका समाज से माफ़ी माँगनी चाहिए इस माँग को लेकर आज विरोध में उनका पुतला दहन किया गया। विरोध प्रदर्शन में धानका समाज संस्था के निम्न पदाधिकारी मोजुद रहे, ललित देरान , मानसिंह किराड़, महेंद्र, आनंद किराड़, अमृत लाल महावर, दिनेश खर्रा आदि समाज के गणमान्य लोग मोजूद रहे।

धानका समाज ने विधायक का पुतला जलाया।

पृथ्वीराज चौहान मंडल की बैठक

ब्यावर, (निसं)। आगामी स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान सहित अन्य विषयों को लेकर भाजपा सम्राट पृथ्वीराज चौहान मंडल की बैठक शुक्रवार को कानाराम गुर्जर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मंडल अध्यक्ष कानाराम गुर्जर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर मंडल में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक सभी बूथों, शक्ति केंद्रों, प्रत्येक घरों पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाकर आजादी का पर्व मनायेंगे। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस भी मनाया जाएगा।महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष लीला रावत ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर हर घर अभियान के तहत प्रत्येक घरों पर तिंरगा लगवाना है और भव्य तिरंगा वाहन रैली आयोजित की जाएगी।बैठक का संचालन मंडल महामंत्री मुकेश जोधावत ने किया। हर घर तिरंगा अभियान के मंडल संयोजक रणजीत सिंह गोहाना व सहसंयोजक कपिल बोयत को सक्रिय रूप से आयोजन की तैयारी से जोड़ा।

राजपूत समाज ने मरुधरा पुनर्जन्म यात्रा का अभिनंदन किया

मकराना, (निसं)। श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह कालवी के नेतृत्व में प्रदेश में मरुधरा पुनर्जन्म यात्रा शुरू की गई है जो कि त्रिनेत्र गणेश मंदिर सवाई माधोपुर से रवाना होकर शनिवार को मकराना पहुंची। मकराना पहुंचने पर राजपूत समाज के लोगों ने यात्रा में शामिल प्रतिनिधियों का अभिनंदन किया।

इस यात्रा के माध्यम से बताया जा रहा है कि प्रदेश के 15 जिलो के सौजन्य से लोकेंद्र सिंह कालवी की जयंती पर कालवी समाज रत्न सम्मान समारोह 27 अगस्त मंगलवार को प्रातः 11 बजे बिरला ऑडिटोरियम में मनाया जाएगा। इसमें सभी जिलो की राजपूत सरपंच और प्रधान शामिल होंगे।सम्मान समारोह में राजपूत समाज की उन प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने शिक्षा शिक्षा, चिकित्सा, खेती, समाज उत्थान, प्रशासनिक सेवा, रक्षा, खेल आदि के क्षेत्र में परिवार गांव और समाज का नाम रोशन किया है। इस दौरान प्रताप सिंह कालवी ने बताया कि हम प्रतिभाओ की मदद करने के लिए आगे बढ़ते रहें हैं, लेकिन उन समाज की प्रतिभाओं को भी ईमानदारी से आगे आना होगा। यात्रा के नागौर जिले में प्रवेश करने पर मकराना तहसील अध्यक्ष दौलत सिंह शेखावत के नेतृत्व में समाज के सरपंच व समाजसेवियों ने यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया। बाद में सबलपुर ग्राम पंचायत में सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह राठौड़ ने तलवार भेंट की। इन्द्र बाईसा खुडद मंदिर परिसर में पूर्व सरपंच भेरूदान रत्नू ने उनका साफा पहनाकर स्वागत किया। सभी को 27 अगस्त को लोकेंद्र सिंह जी कालवी की जयंती पर बिरला ऑडिटोरियम में शामिल होने के लिये पीले चावल भी बांटे।इस अवसर पर भेरुदान रत्नू, सुरेंद्र सिंह लोरोली, रामसिंह मनाना, जेठू सिंह खारडिया, बोदूसिंह आसरवा, सुरेंद्र सिंह सबलपुर, करनी सिंह शिवरासी, दिलीप सिंह रॉयल्टी, संपत सिंह कालवा, दातार सिंह आदि उपस्थित थे।

विवाहिता को घर से निकाला

मकराना, (निसं)। दहेज में कार व 6 लाख रुपए की मांग को लेकर विवाहिता को घर से निकालने का एक मामला पुलिस थाना में दर्ज करवाया गया है।

मनाना निवासी भाग्यश्री पत्नी राकेश मंडा व पुत्री हनुमान प्रसाद ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी कुड़सू नोखा बीकानेर निवासी राकेश मंडा पुत्र रामजस मंडा के साथ हुई थी। उसने बताया कि उसका पति सरकारी टीचर हैं। शादी के बाद ससुराल जाते ही पति राकेश सहित ससुर रामजस, देवर रामदयाल, ननद विमला, मीरा व सास ने मारपीट की और कहा कि दहेज में गाड़ी व 11 लाख रुपए देकर समाज में नाक कटवा दी। मायके जाओ तो कार व बाकी 6 लाख रुपए लेकर आना वरना परिणाम भुगतने को तैयार रहना। 8 अगस्त 2020 को पति के साथ ससुराल जाते समय रास्ते में पति ने कल्याणपुरा में गाड़ी रोक दी और कहा कि गहने नहीं पहने इसलिए उसे यही छोड़कर जा रहा है। गत 21 मई को उसका पति रात्रि में उसके मायके आया और मारपीट कर मांग दोहराई।

अनाधिकृत वैंडरो के विरुद्ध कार्यवाही

अजमेर, (कासं)। रेल सीमा मे अनाधिकृत प्रवेश से चोरी, लूटपाट व दुर्घटना की संभावना रहती है, बेवजह की चैन पुलिंग से ट्रेनों का समयबद्ध संचालन बाधित होता है। इसी प्रकार अनाधिकृत वेंडरों से रेल राजस्व को हानी पहुँचती है। इन सब की रोकथाम के लिए रेल सुरक्षा बल द्वारा विशेष अभियान चलाए जाते है इसी कड़ी मे जुलाई माह मे आर पी एफ द्वारा रेल सीमा में अनाधिकृत प्रवेश, बेवजह चैन पुलिंग व अनाधिकृत वैंडरो के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

- **आर. पी. एफ. द्वारा रेल सीमा में अनाधिकृत प्रवेश, बेवजह चैन पुलिंग**

उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर मण्डल मे रेलवे सुरक्षा बल द्वारा दीपक कुमार आजाद मंडल सुरक्षा आयुक्त, अजमेर के निर्देशन में 01 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक रेल सीमा में अनाधिकृत रुप से व्यक्तियो एवं पशुओं के ट्रेनों से दुर्घटना के शिकार होने की घटनाओं की रोकथाम के लिये 119 कार्यवाही की गई। जिसके अंतर्गत रेल सीमा से लगते गांवों, पंचायतो व स्कुलों में 2266 व्यक्तियों को समझाईश की गई तथा अनाधिकृत रुप से रेल सीमा में प्रवेश करने वाले 201 व्यक्तियों के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 147 के तहत कार्यवाही कर मामले दर्ज किए गए जिसमें 139 व्यक्तियो पर रेलवे कोर्ट द्वारा कार्यवाही करते हुए 13900/ रुपये जुर्माना किया गया।

इसी प्रकार अजमेर मण्डल रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सवारी गाडियों में एसीपी (चैन पुलिंग)की रोकथाम बाबत सवारी गाडियो में यात्रियों को जागरुक करने के लिये भी कार्यवाही की गई इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल स्टाफ द्वारा लाउड हैलर एवं पी.ए सिस्टम का उपयोग किया गया व यात्रियों को एसीपी नही करने पम्पलेट बांटे गये व समझाईश की गई।

क्रांति दिवस पर वर्षगांठ के अवसर पर पुष्पाजंलि कार्यकम आयोजित

अजमेर, (कासं)। अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन (क्रांति दिवस)की वर्षगांठ के अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की और से शहीद स्मारक, रेल्वे स्टेशन रोड़ पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन की अध्यक्षता व अजमेर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे अजमेर डेयरी के चेयरमेन रामचंद्र चौधरी के मुख्य आतिथ्य में पुष्पांजलि कार्यक्रम व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए रामचंद्र चौधरी व विजय जैन ने अगस्त क्रांति दिवस के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि 1942 में मुंबई में महात्मा गाँधी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो तथा करो या मरो का नारा दिया था इससे अंग्रेजों का शासन हिल गया था और 15 अगस्त 1947 को हमारे देश को आजादी मिल गयी थी, यह आंदोलन आज भी भारत की राष्ट्रीय पहचान बना हुआ है जिसने हमें लोकतंत्र, एकता और स्वतंत्रता के मूल्यों को बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। इस आंदोलन ने समस्त भारतियों को एकता के सूत्र में पिरो दिया यह एक अहिंसक आंदोलन था जो कि अंग्रेजों के उपनिदेशवाद के खिलाफ था इस आंदोलन से अंग्रेजों में खौफ पैदा हो गया कि अब भारत पर शासन करना संभव नही है त आज का दिन भारतीय इतिहास में आजादी की अंतिम लड़ाई के शंखनाद के रूप में याद किया जाता है स्वाधीनता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले क्रांतिकारियों को हम सभी श्रद्धाञ्जली अर्पित करते है।

इस अवसर पर रामचन्द्र चौधरी व विजय जैन ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद आम नागरिक अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है, महंगाई कम करने, बेरोजगारी समाप्त करने, पेयजल व बिजली संबधी समस्याओं का समाधान करने, भ्रष्टाचार समाप्त करने, जैसे अनेक लोक लुभावने वादे कर केंद्र व राज्य में सत्ता में आई भाजपा सरकार आज आम जनता की तकलीफों को भूल गयी है बजट में भी आमजन के हित में कोई निर्णय नही लिए गये हैं, स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद पूरा शहर दयनीय स्थिति में बना हुआ है, बिजली के बाद अब पेयजल व्यवस्था भी निजी हाथों में सौंपी जा रही है जो आमजन के साथ कुठाराघात है । काग्रेसजन शीघ्र ही भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जन आंदोलन करेंगे।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी की और से पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर अजमेर दक्षिण से कांग्रेस प्रत्याशी रही द्रोपदी कोली, प्रदेश कांग्रेस सचिव सुनील लारा, शहर कांग्रेस महासचिव बिपिन बेसिल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल आदि पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए क्रांति दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला और कहा कि अगस्त क्रांति ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नया मोड दिया इसने भारतीयों में आत्मविश्वास भरा और उन्हे अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया, आजादी के आंदोलन में अगस्त क्रांति के बाद महत्वपूर्ण मोड आया।

इस अवसर पर अमोलक सिंह छाबड़ा, नरेश सत्यावना, गुलाम मुस्तफा, विजय नागौरा, अशोक बिंदल, वाहिद मोहम्मद, जय शंकर चौधरी, निर्मल बैरवाल, पवन ओड, कैलाश कोमल, मीनाक्षी यादव, मोहित मल्होत्रा, अंकित धारू, डॉ लाल थदानी, शिवराज भडाना, ईश्वर टहलयानी, कमल बैरवा, गणेश चौहान, मुबारक चीता, लक्ष्मी बुंदेल, सुनील धानका, मनीष चौरसिया, चंदन सिंह, नीरज यादव, अशोक सुकरिया, लक्ष्मी धोलखेडिया, दिनेश के शर्मा, जितेंद्र चौधरी, मनीष सेन, लक्ष्मण भाया, विवेक कड़वा, शमसुद्दीन, सोना धनवानी, रवि दाधीच, करतम मीना, ओमप्रकाश मंडावरा व पुनीत सांखला सहित कांग्रेस कमेटी के जिला, ब्लॉक व मंडल पदाधिकारी, पार्षद, पूर्व पार्षद, अग्रिम संगठनों, प्रकोष्ठों व विभागों के पदाधिकारी आदि कांग्रेसजन मौजूद थे, प्रारम्भ में सभी ने शहीद स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये तथा शहीदों के सम्मान में नारेबाजी कर उन्हे याद किया।

महिला से दुष्कर्म

अजमेर, (कासं)। रामगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता से घर में घुसकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पति के दोस्त पर घर में अकेले होने का फायदा उठाकर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने रामगंज थाने में शिकायत दी है, पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामगंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित विवाहिता ने थाने में लिखित शिकायत देते हुए पति के दोस्त पर आरोप लगाया।

तिरंगा रैली आज

आसीन्द, (निसं)। भारत सरकार एंव राज्य सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा सप्ताह मनाने हेतु ब्लॉक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें।

नाम परिवर्तन

मेरा पहले नाम राजेन्द्र सैन पुत्र मोरीलाल सैन निवासी परासिया किशनगढ़ जिला अजमेर था, मैंने सभी आवश्यक दस्तावेजों में अपना नाम परिवर्तन कर राजेश सैन पुत्र मोरीलाल सैन करवा लिया है। भविष्य में मुझे राजेश सैन के नाम से जाना पहचाना जाये।

दिल्ली विश्वविद्यालय
UNIVERSITY OF DELHI

विज्ञापन नं. आर एण्ड पी/303/2024 दिनांक-27.06.2024

प्रिन्सिपल, यूनिवर्सिटी कॉलेज आफ मेडिकल साइन्सिस (यू सी एम एस) के पद के लिये योग्य प्रत्याशियों से निर्धारित आवेदन प्रपत्र में आन लाइन आवेदन आमंत्रित हैं। इस पद पर VII सीपीसी पे-मैट्रिक्स के अनुसार पे-लेवल 14 के स्केल देय है। आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथी इस विज्ञापन के एम्पलायमेंट न्यूज में प्रकाशन की तिथि से दो सप्ताह के अन्दर है। विवरण के लिये, कृपया यूनिवर्सिटी वेबसाइट www.du.ac.in पर जाये तथा शीर्षक "Work with DU" के अन्तर्गत "Jobs and Opportunities" पर क्लिक करें। कोई भी परिशिष्ट/संशोधन केवल यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर पोस्ट किया जायेगा।

रजिस्ट्रार

महत्वपूर्ण सूचना-
योग्यता के संबंध में विवरण, इस विज्ञापन के साथ यूनिवर्सिटी वेबसाइट www.du.ac.in पर उपलब्ध है। आवेदक कृपया ''फार्म भरने से पहले इन विवरणों को पढे।

CBC 21231/12/0005/2425